Seat No. : _______________

DW-104

December-2013

M.A. Sem.-I

(405) Hindi

भारतीय साहित्य

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : **सभी** प्रश्नों के समान अंक हैं।

1. (क) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 500 या 600 शब्दों में लिखिए :

भारतीय साहित्य के विकास के विविध चरणों पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

भारतीय साहित्य के अध्ययन में आनेवाली बहुभाषिकता एवं बहुसांस्कृतिकता की समस्याओं का निरूपण कीजिए ।

(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों में लिखिए :

(1) हिन्दी साहित्य ।

(2) गुजराती साहित्य ।

2. (क) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 500 या 600 शब्दों में दीजिए :

'अहिल्या के प्रति' काव्य में व्यक्ति रवीन्द्र की नारी भावना सोदाहरण आलेखित कीजिए ।

अथवा

'मेघदूत' कविता के माध्यम से प्रकट होता रवीन्द्र का प्रकृति प्रेम स्पष्ट कीजिए ।

(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों में दीजिए :

(1) 'निर्झर का स्वप्न भंग' की मूल संवेदना ।

(2) 'पुराना नौकर' का कथ्य ।

3. (क) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 500 या 600 शब्दों में लिखिए ।

'घासीराम कोतवाल नाटक अतीत में वर्तमान जीवन का प्रतिबिम्ब है ।' कथन की सोद्देश्यता स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

नाना फड़नवीस का चरित्रांकन कीजिए ।

(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों में लिखिए :

(1) 'घासीराम कोतवाल' में सूत्रधार की भूमिका ।

(2) घासीराम की प्रतिशोध भावना ।

4. (क) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **500** या **600** शब्दों में लिखिए :

रवीन्द्र की कविताओं में अनुभव की विविधता है । समझाइए ।

अथवा

'घासीराम कोतवाल' की रंगमंचीयता पर अपने विचार आलेखित कीजिए ।

(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों में दीजिए :

(1) रवीन्द्र की प्रेम भावना ।

(2) घासीराम कोतवाल में निरूपित पेशवाई समाज की विकृतियाँ ।

5. (क) योग्य विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए ।

(1) किस भारतीय विद्वान ने भारतीय साहित्य को 'Indian Literatures' कहा था ?

(सुनीति कुमार चैटर्जी, इन्द्रनाथ चौधरी, रवीन्द्रनाथ टैगोर)

(2) 'भारतीय साहित्य अकादमी' भारत की कितनी भाषाओं के साहित्य का प्रकाशन करती है ?

(22, 8, 4)

(3) 'घरे बाहिरे' किसकी रचना है ?

(विजय तेंदुलकर, रवीन्द्रनाथ टैगोर, महाश्वेता देवी)

(4) 'अभिसार' कविता की नायिका का नाम बताइए ।

(उर्वशी, वासवदत्ता, कृष्ण-कली)

(5) 'शान्तता कोर्ट चालू आहे' का हिन्दी में अनुवाद किस शीर्षक से हुआ है ?

(खामोश, अदालत जारी है; शान्त रहिए, कोर्ट चालू है; चुप, अदालत चल रही है)

(ख) योग्य विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

(1) भारतीय भाषाओं में _______ भाषा को संस्कृत की ही भाँति प्राचीन होने का गौरव प्राप्त है ।

(तेलुगु, तमिल, कन्नड़)

(2) इस्मत चुग़ताई _______ भाषा की रचनाकार हैं ?

(उर्दू, तमिल, हिन्दी)

(3) 'पिंजर' _______ की रचना है ।

(वर्षा अडालजा, अमृता प्रीतम, महाश्वेता देवी)

(4) _______ कन्नड़ भाषा के संत कवि हैं ।

(श्रीनाथ, बसवेश्वर, शंकरदेव)

(5) 'आनन्द मठ' के रचनाकार _______ हैं ।

(रवीन्द्रनाथ टैगोर, बंकिमचन्द्र चैटर्जी, शरदचन्द्र)

(ग) योग्य जोड़े मिलाइए ।

(1) लल्लेश्वरी	(1) असमिया
(2) कन्हैयालाल मुंशी	(2) पंजाबी
(3) इन्दिरा गोस्वामी	(3) गुजराती
(4) गुरु अर्जुन देव	(4) कश्मीरी
	(5) मलयालम